प्रेस नोट **05/09/2024**

अवैध तमन्चा व कारतूस के साथ एक शातिर गिरफ्तार–

आज दिनांक 05.09.2024 को थाना घोसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मझवारा मोड़ चौकी मझवारा के पास से अभियुक्त विवेक चौहान पुत्र शमशेर निवासी वकिया सौलाई हर्दोपट्टी थाना पकड़ी जनपद बलिया के कब्जे से एक अदद नाजायज तमन्चा व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 404/2024 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 05.09.2024 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान मु0अ0सं0 231/24 धारा 137(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शमशाद अहमद पुत्र खैरूल बसर निवासी जुम्मनपुरा थाना कोपागंज जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया । उक्त मुकदमें में धारा 140(4) बीएनएस की बढोत्तरी कर चालान न्यायालय किया गया ।

01 गांजा तस्कर गिरफ्तार कब्जे से 1.068 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/आपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री के पर्वेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी घोसी श्री दिनेश दत्त मिश्र के नेतृत्व में थाना दोहरीघाट पुलिस को उस समय अहम सफतला हाथ लगी जब दिनांक 04.09.2024 को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान अभियुक्त मुसम्मीलाल गुलाबी पुत्र कलुट निवासी जनाड़ी चकिया की बारी थाना दुबहड़ जनपद बलिया के कब्जे से 1.068 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अन्तर्गत मु0अ0सं0 184/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त-

1. मुसम्मीलाल गुलाबी पुत्र कलुट निवासी जनाड़ी चकिया की बारी थाना दुबहड़ जनपद बलिया ।

बरामदगी-

1. 1.068 किलोग्राम अवैध गांजा ।